54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.7°c अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606    संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा    रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:30 | वर्ष : 54/ अंक : 250| बृहस्पतिवार, 10 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी |सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

हर उस चीज को बदला नहीं जा सकता, जिसका हम सामना करते हैं; लेकिन जब तक उसका सामना नहीं किया जाता, तब तक कुछ भी नहीं बदला जा सकता।

अगले साल मई में शुरू होगा बुलेट ट्रेन का परीक्षण : अश्विनी वैष्णव



इसकी क्या जरूरत थी?.......


# सड़क पर बिखरी लाशें, हादसे ने निगल ली पांच जिंदगियां

**1** मृतकों में कांधला के चचेरे भाई व मासूम बेटी तथा जीजा साले शामिल

**2** भैंसाना के पास बड़ौत डिपो की बस की दो बाईकों से भीषण टक्कर

**3** हादसे के बाद सड़क के किनारे बिखर गई बाइक सवारों की लाशें















**बुढ़ाना, 9 सितंबर (बु.)।** तेज रफ्तार और जल्दी आगे निकलने की होड़ ने आज फिर पांच जिंदगियां ले लीं। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसाना के पास बुधवार को बड़ौत डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में चचेरे भाई, एक भाई की बेटी तथा जीजा व साले शामिल हैं। दर्दनाक हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच गए। भैंसाना के पास एक दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत से इलाका दहल गया। बताया गया कि सभी लोग दो अलग-अलग बाइकों से मुजफ्फरनगर की ओर से बुढ़ाना की तरफ आ रहे थे। भैंसाना गांव के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर दोनों बाइकों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे बाइक सवार उछलकर सड़क किनारे खेतों में जा गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने उनकी मदद का प्रयास किया, लेकिन पांचों की मौत मौके पर ही हो चुकी थी। मृतकों की पहचान फरमान पुत्र उमरदीन निवासी तमेला गढ़ी थाना दोघट, मोबिन पुत्र मंजूर निवासी तमेला गढ़ी दोनों चचेरे भाई और इनमें एक फरमान की पांच वर्षीय पुत्री के अलावा इदरीश और साजिद निवासी कांधला के रूप में बताई गई है। बस और बाइकों की टक्कर के बाद मौके पर भीड़ लग गई। सड़क किनारे लाशें पड़ी थीं। हादसे के बाद पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में मृतक कांधला मोहल्ला खेल स्थित चमन गार्डन कॉलोनी निवासी इदरीश (67) और साजिद (49) चचेरे भाई थे और दोपहर में घर लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। फरमान (26) अपने जीजा मोमिन (25) और 5 साल की बेटी अल्लो के साथ मुजफ्फरनगर खरीदारी करने आया था। खरीदारी के बाद तीनों बाइक से तमेला गढ़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। मृतकों के परिजन हादसे की जानकारी मिलने के बाद यहां पहुंच गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि रोडवेज बस तेज रफ्तार में थी। भसाना गांव के पास मोड़ पर सामने से आई दो बाइकों को टक्कर मार दी। सड़क पर घायल लोग खून से लथपथ पड़े थे और मदद के लिए चीख रहे थे। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**साजिद की बेटियों की 18 को शादी थी, कार्ड बांटने आया था : मुजफ्फरनगर।** मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि कांधला के साजिद की दो बेटियों की शादी 18 सितंबर को होनी है। दोनों चचेरे भाई रिश्तेदारों को शादी के कार्ड देने के लिए सुबह बाइक पर घर से निकले थे। यहां से वापस लौटते समय बुढ़ाना में हादसे का शिकार हो गया। चचेरे भाइयों की मौत से 18 सितंबर को होने वाली दो बेटियों की शादी की खुशियां गम में बदल गई। बागपत के तमेलागढ़ी गांव का फरमान अपनी बेटी सुहाना और बहनोई मोमीन के साथ शाहपुर के सोरम गांव आया था। दोपहर के समय रिश्तेदारी से लौटते समय परिवार भैसाना में हादसे का शिकार हो गया।

**चालक बस छोड़कर भागा, मौके पर पहुंचे अधिकारी : मुजफ्फरनगर।** हादसे के बाद रोडवेज बस चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। एसपी देहात अक्षय संजय महादिक ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद एसएसपी संजय कुमार वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। मौके पर एसडीएम बुढ़ाना सत्येंद्र कुमार सिंह, न्यायिक तहसीलदार स्नेहा तिवारी, क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे की खबर से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

**ओवरटेक करते हुए हुआ हादसा: एसएसपी : मुजफ्फरनगर।** घटना को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम 4 बजे बड़ौत डिपो की एक रोडवेज बस बुढ़ाना की तरफ से मुजफ्फरनगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान शाहपुर की तरफ से आ रहे दो बाइक सवारों को ओवरटेक करने के दौरान बस से टक्कर हो गई। हादसे में मौके पर तीन लोगों की मौत हुई। इसमें एक बच्ची शामिल है। दो लोग इदरीश और साजिद की इलाज के दौरान मौत हुई। शुरूआती जांच में ओवरटेक हादसे का कारण लग रहा है। परिवार को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारी




**नई दिल्ली, 9 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड सहित पांच राज्यों में अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सियासी सरगर्मी के साथ चुनाव आयोग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस कड़ी में जो संकेत मिले है, उनमें उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को इस बार तीन से चार चरणों में कराया जा सकता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल 22 मई 2027 और उत्तराखंड में कार्यकाल 28 मार्च 2027 को पूरा हो रहा है। इससे पहले 2022, 2017 और 2012 में उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव सात चरणों में हुआ था। वहीं उत्तर प्रदेश के साथ जिन अन्य चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने है, उनमें मणिपुर को छोड़ दें तो पंजाब, उत्तराखंड व गोवा में एक-एक चरण में कराने की तैयारी है। इन राज्यों में पिछला चुनाव भी एक-एक चरण में ही हुआ था। वहीं मणिपुर में 2022 व 2017 की तरह दो चरणों में कराया जा सकता है। वैसे भी हाल ही में बिहार व बंगाल जैसे राज्यों के विधानसभा को दो चरणों में कराने बाद चुनाव आयोग के हौसले बढ़े हुए है। बिहार और पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव कराया गया है। सूत्रों की मानें तो कुछ इसी तर्ज पर सात चरणों में होने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को भी तीन से चार चरणों में कराने पर विचार किया जा रहा है। इसे लेकर जल्द ही राज्यों के साथ विचार विमर्श करने की तैयारी है। चुनाव के दौरान जिस तरह से फेंक नेरेटिव का चलन बढ़ा है, उसमें चुनाव आयोग भी चुनाव अवधि को छोटा रखने के ही पक्ष में रहता है। बिहार और बंगाल के चुनाव में उसने अपनी इस क्षमता को भी परखा है।

**चुनाव आयोग की टीमें शुरू करेगी राज्यों का दौरा**

चुनावी तैयारियों के इस क्रम में आयोग की टीमें सितंबर से अंतिम हफ्ते से चुनावी राज्यों का दौरा भी शुरू करेगी।सूत्रों की मानें तो इसके लिए टीमों के गठन का काम शुरू हो गया है। इस दौरान आयोग की टीमें सबसे पहले उन राज्यों में जाएंगी, जहां एसआइआर का काम पूरा चुका है। जिसमें उत्तर प्रदेश, गोवा व मणिपुर शामिल है, जबकि पंजाब और उत्तराखंड में एसआइआर के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अक्टूबर में होगा।

किस राज्यों की विधानसभा का कब तक है कार्यकाल?

| राज्य | तिथि |
|---|---|
| मणिपुर | 13 मार्च 2027 |
| गोवा | 14 मार्च 2027 |
| पंजाब | 16 मार्च 2027 |
| उत्तराखंड | 28 मार्च 2027 |
| उत्तर प्रदेश | 22 मई 2027 |

# बिना सर्जन सर्जरी करने वाला मरियम हॉस्पिटल सील

**▶▶दोबारा छापे में भी इलाज करते मिला बिना डिग्री का डॉक्टर ▶▶भर्ती दस मरीजों को शिफ्ट कराकर टीम ने लगा दी सील**




**मुजफ्फरनगर, 9 सितंबर (बु.)।** बिना सर्जन सर्जरी के आरोपों के बीच कल छापे की कार्रवाई के बावजूद अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई तथ्य उपलब्ध ना कराए जाने पर आज सरवट रोड मदीना कॉलोनी स्थित मरियम हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। इस दौरान वहां तमाम अनियमितताएं पाई गईं। वहां भर्ती दस मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट कराने के बाद इसे सील करने की कार्रवाई की गई।

सरवट रोड मदीना कॉलोनी स्थित न्यू निजामुद्दीन चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालित मरियम हास्पिटल में डॉक्टर के बजाय टेक्नीशियन द्वारा ऑपरेशन को लेकर मिली शिकायत के बाद मंगलवार को डिप्टी सीएमओ विपिन कुमार ने नर्सिंग होम का निरीक्षण किया था। इस दौरान वहां कोई सर्जन ही मौजूद नहीं मिला। वहां डॉ.अब्दुल बारी और डॉ.राकेश नाथ अवाटे सर्जन के रूप में कार्यरत बताए गए। मौके पर दोनों में से कोई मौजूद नहीं था। टीम ने हॉस्पिटल में कार्यरत चिकित्सकों के दस्तावेज मांगे तो वह भी उपलब्ध नहीं कराए गए। डिप्टी सीएमओ मामले की जांच जारी रखने की बात कहते हुए अस्पताल से उक्त मामले पर स्पष्टीकरण देने को कहा। मामले को लेकर चल रहे विरोध के बीच आज आज आयुष विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. इसमपाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में 10 से ज्यादा मरीज भर्ती मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम के मुताबिक अस्पताल में पंजीकृत यूनानी चिकित्सक के मौजूद नहीं होने पर राहुल कुमार नाम का व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। पूछताछ के दौरान उसके पास कोई वैध मेडिकल डिग्री या मेडिकल पंजीकरण नहीं मिला। अस्पताल में कथित तौर पर किसी दूसरे चिकित्सक के लाइसेंस का इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को अस्पताल में बिना सर्जन के सर्जरी किए जाने की जानकारी मिली। अस्पताल के बाहर 200 रुपए परामर्श शुल्क और खतना से संबंधित पोस्टर भी लगे मिले। अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर भी संचालित मिला, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया। अस्पताल सील किए जाने के बाद वहां सभी भर्ती दस मरीजों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर वहां स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। टीम ने वहां से रिकॉर्ड को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

# केके डुप्लेक्स पेपर मिल में छापा

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** आरडीएफ के प्रयोग की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गीतेश चंद्रा की टीम ने केके डुप्लेक्स पेपर मिल में अचानक छापेमारी कर निरीक्षण किया। टीम ने मिल परिसर में प्रयुक्त किए जा रहे आरडीएफ समेत अन्य कच्चे माल की गुणवत्ता और उपयोग की स्थिति की बारीकी से जांच की। निरीक्षण का उद्देश्य मिल में निर्धारित पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुरूप ईंधन और कच्चे माल के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेना था। अधिकारियों ने मिल संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जांच करते हुए आवश्यक जानकारी भी जुटाई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रदूषण मानकों के पालन में कुछ सुधार की आवश्यकता बताई। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने मिल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रशासन ने मिल संचालक को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में प्रदूषण संबंधी नियमों की अनदेखी अथवा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# भोग प्रसाद पर आयी आपत्ति तो खाद्य विभाग ने लिये सैम्पल



**भोपा, 09 सितम्बर (बु.)।** प्रसिद्ध दिव्य हनुमान भोग प्रसाद पर आपत्ति दर्ज कराते हुए एक शिकायती पत्र खाद्य विभाग को दिया गया, जिसके आधार पर खाद्य विभाग ने हनुमत धाम पहुंचकर वहां बाहर दुकान पर रखे भोग प्रसाद के नमूने लिये और जांच हेतु भेज दिये। विदित रहे कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी अमित राघवेंद्र सिंह ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को शिकायत कर बताया कि मंगलवार की शाम उसने शुकतीर्थ में स्थित दुकान से प्रसिद्ध दिव्य हनुमान प्रसाद खरीदा था, जिसको खाने के बाद उसे व उसके परिजनों को जी मिचलाने आदि की शिकायत हुई तो उन्होंने दुकानदार से इस सम्बन्ध में बात की मगर दुकानदार द्वारा कोई संतुष्ट उत्तर न देने पर खाद्य विभाग को मामले की शिकायत की गयी। बुधवार को जिला खाद्य अधिकारी अर्चना धीरान ने बताया कि शुकतीर्थ हनुमतधाम के बाहर स्थित दुकान पर जाकर भोग प्रसाद इस्तेमाल होने वाले मिष्ठान का विधिक नमूना लिया गया है। साथ ही प्रतिष्ठान संचालक को साफ सफाई रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी का सवाल? आखिर कहां गई आपत्तिजनक पोस्टरों की जांच

**माना जा रहा गोल-मोल करके ही किया जाएगा भारती एडवरटाइजमेंट पर लगने वाले होर्डिंगों का खुलासा**




**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बु.)।** 'एक गाना सभी ने सुना होगा कि गोल माल है भई सब गोल माल है, सीधे रस्ते की ये टेढ़ी सी चाल है।' मंत्री के भाई ललित अग्रवाल के भाई के होर्डिंग पर लगने वाले फ्लैक्स के मामले में कुछ ऐसा ही दिखाई पड़ रहा है, चूंकि राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं और आम जनता का कहना है कि राजनीति का स्तर अब इतना गिर चुका है कि पहले भाजपा समर्थक राजेश गोयल द्वारा विपक्ष के विरोध में होर्डिंग लगाए गए, वहीं उसके महज चार दिन बाद ही एसएसपी के बगले से 100 मीटर की दूरी पर दंगे के होर्डिंग लगे हुए दिखाई दिए। आम आदमी का तो यहां तक कहना है कि कहीं ये होर्डिंग खुद भाजपाइयों ने तो नहीं लगवाए, क्योंकि जीत के लिए भाजपा ने इस कृत्य को पहले भी अंजाम दिया हुआ है। क्योंकि जनता को दूध-ब्रेड के शहर में लगे पोस्टर भी याद हैं। भाजपाइयों ने इसी दम पर जीत हासिल की थी। जिस तरह समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी खुद फेसबुक पर इस होर्डिंग की जांच की बात कर रहे हैं, उससे ये साफ प्रतीत हो रहा है कि कहीं ना कहीं ये होर्डिंग भाजपाइयों द्वारा लगवाएं गए हैं। रोडवेज के आसपास सीसीटीवी लगे होने के बावजूद भी ये तस्वीर साफ नहीं की जा सकी कि आखिर किसने ये पोस्टर लगाए हैं। कोई और मामला होता तो अभी तक वीडियो फुटेज भी सार्वजनिक कर दी जाती और होर्डिंग लगवाने वालों के घर बुलडोजर भी चल जाता। इन्हीं सब बातों से प्रतीत हो रहा है कि यदि इस मामले का खुलासा हो भी गया तो मात्र एक औपचारिकता निभाई जाएगी। मय सबूतों के कुछ भी यह साफ नहीं किया जाएगा कि आखिर इतनी बड़ी घटना को खुद भाजपा के ही शासन में वो भी मंत्री के भाई की एडवरटाइजमेंट एजेंसी पर कौन इतना दमदार है जो इतने आपत्तिजनक होर्डिंग लगा सके। यदि प्रशासन को कोई ये वीडियो दिखाए तो उसे सोशल मीडिया पर जारी करके उन लोगों की पहचान कराई जा सकती है। यदि वीडियो ही सामने नहीं आया तो सच मुच हर बात में झोल ही झोल दिखाई देगा और यह तस्वीर कभी साफ नहीं होगी कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के लिए आखिर इतनी बड़ी शरारत सपाइयों ने की है या भाजपाइयों ने की है। ऐसा तो सुनने में आया है कि रोडवेज की बस से दो लोग उतरे हैं, जिन्होंने इस कृत्य को अंजाम दिया है, लेकिन वो बस कहां है, वो आदमी कहां गए, सब कुछ गोल-माल है।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

डॉ. निकुंज अग्रवाल
एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट

शुक्रवार, 11 सितंबर 2026
सुबह 10.00 बजे से सुबह 11.00 बजे
ओ.पी.डी. स्थान: मिनोचा नर्सिंग होम, मेरठ रोड, मुज़फ्फरनगर

समस्याएँ: घुटनों में दर्द या सूजन, कंधे में दर्द या हाथ उठाने में परेशानी, चलने-फिरने या सीढ़ियाँ चढ़ने में कठिनाई, गठिया (आर्थराइटिस), चोट के बाद जोड़ों में दर्द या जकड़न, लिगामेंट की चोट एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पोर्ट्स इंजरी आर्थ्रोस्कोपी में विशेषज्ञता।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाज़ियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

